2018

HINDI

(Major)

Paper : 1.1

(Hindi Sahitya Ka Itihas)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) पं० राहुल सांकृत्यायन के अनुसार हिन्दी के प्रथम कवि कौन हैं?

(ख) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने 'वीरगाथा-काल' का समय कब से कब तक माना है?

(ग) गद्य-पद्य मिश्रित चम्पू-काव्य की प्राचीनतम हिन्दी कृति कौन-सी है?

(घ) कवि जगनिक के आश्रयदाता राजा का नाम लिखिए।

(ङ) आदिकाल में खड़ी बोली को काव्य-भाषा बनाने वाले पहले कवि का नाम क्या है?

(च) 'उक्ति व्यक्ति प्रकरण' के रचयिता कौन हैं?

(छ) 'पद्मावत' का रचना-काल क्या है?

(ज) 'स्मार्त सम्प्रदाय' का प्रवर्तक कौन है?

(झ) 'भक्तमाल' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ञ) कबीरदास के गुरु का नाम लिखिए।

2. अति संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) हिन्दी साहित्य के आदिकाल को 'सिद्ध-सामंत-काल' नाम किसने दिया और क्यों?

(ख) 'वर्णरत्नाकर' की रचना किसने की है और इसकी भाषा क्या है?

(ग) आदिकालीन रासो काव्यों में वीर रस की व्यंजना के लिए प्रयुक्त किन्हीं दो छंदों का नामोल्लेख कीजिए।

(घ) गुरु नानकदेव की काव्य-भाषा को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) अष्टछाप के कवियों में से वल्लभाचार्य के शिष्यों के नाम बताइए।

3. किन्हीं चार प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) आदिकाल का सीमांकन कीजिए।

(ख) हिन्दी साहित्य को जैन साहित्य की क्या देन रही है?

(ग) 'ढोला-मारु रा दूहा' पर एक टिप्पणी लिखिए।

(घ) भक्तिकालीन सामाजिक परिस्थिति पर विचार कीजिए।

(ङ) सगुण कृष्ण भक्तिधारा की कोई दो विशेषताएँ रेखांकित कीजिए।

(च) भक्तिकालीन नीतिकाव्य पर टिप्पणी लिखिए।

4. आदिकालीन राजनैतिक एवं सामाजिक परिस्थितियों पर विचार कीजिए। 10

अथवा

आदिकालीन सिद्ध साहित्य का परिचय दीजिए।

5. आदिकालीन नाथ साहित्य का परिचय दीजिए। 10

अथवा

आदिकालीन रासो-परम्परा पर प्रकाश डालिए।

6. भक्तिकाव्य की सामान्य प्रवृत्तियों को रेखांकित कीजिए। 10

अथवा

निर्गुण भक्तिधारा के प्रमुख कवियों में कबीरदास का स्थान निर्धारित कीजिए।

7. संत और सूफी काव्यधाराओं के साम्य-वैषम्य को रेखांकित कीजिए। 10

अथवा

हिन्दी रामभक्ति काव्यधारा के प्रमुख कवियों का परिचय दीजिए।

★★★